कार्यालय निबन्धक, सहकारी समितियां, उत्तराखण्ड।

नियर रेलवे कासिंग,तुनवाला रोड, मियांवाला, देहरादून–248005 (उत्तराखण्ड)

दूरभाष न0–0135-2685634 ई–मेल -rcsuttarakhand@gmail.com वेबसाइट– www.cooperative.uk.gov.in

पत्रांक 870-73 /निबन्धन/स्वायत्त सह0/2024–25 दिनांक 27 अप्रैल, 2024

डा0 धनन्जय मोहन,
मुख्य प्रवर्तक,
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल एण्ड
अरोमा टूरिज्म स्वायत्त सहकारिता संघ, देहरादून
पता– 85 राजपुर रोड़ देहरादून, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक,
वन पंचायत उत्तराखण्ड।

उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल एण्ड अरोमा टूरिज्म स्वायत्त सहकारिता संघ, देहरादून के निबन्धन हेतु प्रार्थना–पत्र के अभिदेश में आपको सूचित किया जाता है कि सहकारिता को निम्न विवरणानुसार उत्तराखण्ड स्वायत्त सहकारिता अधिनियम, 2003 में निबद्ध किया गया है तथा निबन्धन के प्रमाण–पत्र तथा संज्ञम ज्ञापन और प्राधिकारी संगम अनुच्छेद संलग्न कर आपको प्रस्तुत हैं।

संलग्न–उक्तानुसार।

(एम0पी0त्रिपाठी) 26/4/24
संयुक्त निबन्धक,
सहकारी समितियॉ उत्तराखण्ड,

पत्रांकः 870-73 /उक्त दिनांकित ।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला सहायक निबन्धक, सहकारी समितियाँ, देहरादून के कार्यालय पत्रांक–221/निबन्धन/ 2024–25 दिनांक–23 अप्रैल, 2024 के संदर्भ में उक्त सहकारिता की निबन्धित संगम अनुच्छेद की प्रति इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि स्वायत्त सहकारिता को कार्यशील बनाना सुनिश्चित करें।
2. सचिव/महाप्रबन्धक, जिला सहकारी बैंक लि0, देहरदून।
3. सचिव, उत्तराखण्ड सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण, शास्त्री नगर देहरादून।

(एम0पी0त्रिपाठी) 26/4/24
संयुक्त निबन्धक,
सहकारी समितियॉ उत्तराखण्ड,

:–प्रारूप–:

जनपद	नाम सहकारिता	निबन्धन संख्या	निबन्धन दिनांक	निबन्धन का वर्गीकरण	अभ्युक्ति
देहरादून	उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल एण्ड अरोमा टूरिज्म स्वायत्त सहकारिता संघ, देहरादून	एस0आर0ए0यू0 के0–06	26.04.2024	–	स्वायत्त सहकारिता

नोट– उपरोक्त सहकारिता का निबन्धन प्रमाणपत्र जिला सहायक निबन्धक, सहकारी समितियॉ उत्तराखण्ड, जनपद–देहरादून की संस्तुति के आधार पर निर्गत किया गया है।

उत्तराखण्ड सरकार

पंजीकरण प्रमाण–पत्र

(उत्तराखण्ड स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 की धारा 3 के अधीन पंजीकरण का प्रमाण पत्र)

मैं एतद्द्वारा प्रमाणित करता हूँ कि **उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल एण्ड अरोमा टूरिज्म स्वायत्त सहकारिता संघ, देहरादून** इसके संगम ज्ञापन और प्राधिकृत संगम अनुच्छेद सहित **जनपद–देहरादून** के अन्तर्गत **एस0आर0ए0यू0के0–06** संख्या के साथ पंजीकृत हैं। मेरे हस्ताक्षर एवं मेरी मुद्रा के अधीन **दिनांक 26.04.2024** को जारी।

मुहर

निबन्धक सहकारी समितियाँ उत्तराखण्ड

रजिस्ट्रार स्वायत्त सहकारिता,
उत्तराखण्ड सरकार।

IFMS
Uttarakhand

e-Challan

Bank Reff. No. - CPADSGHXQ8

Treasury Form-209(1)
Financial Handbook Vol. V, Part- II
Form No. 43A(1)
(See Paragraph 417 and 478)
Challan form for depositing amount

Name of the Treasury/Sub-Treasury/Bank/Bank Branch - State Bank Of India (Payment Gateway)

Status : (S) Completed successfully.

1	Name of the person (designation if necessary or Organization on whose behalf amount is being paid.	ADYAKSH SACHIV
2	Address	uttarakhand Harbal aaroma Turijm Swayat Sahkarita Sangh Dehradun
3	Registration Number (if necessary)	
4	Full details of amount to be deposited (for which purpose and in favour of)	Registration Fees
5	Gross value of Challan	500
6	Net value of Challan	500
7	Deaprtment	Registrar Cooperative Societies
8	Related office for which challan is to be deposit	Asst Registrar Cooperative Societies Dehradun
9	Full details of Head of Account	0425 - Co-operation
10	13 Digit code of Head of A/c	As per details below

SL No.	Services	Detail Head	Amount
1	Other miscellaneous receipts.	0425008000600	500
		Total Challan Amount-	500

Amount (in words) - Rs. Five Hundred only

Signature of departmental officer with seal

ADYAKSH SACHIV

Challan No- 04250424E0021073

Date - 12-APR-2024

Amount in Figure(Rs.) - 500

Amount in words - Rs. Five Hundred only

Received Through

Bank Reff. No. - CPADSGHXQ8

State Bank Of India (Payment Gateway)

अध्यक्ष सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास
स्वायत्त सहकारिता संघ देहरादून

(i)

"संगम-अनुच्छेद"

[1] नाम सहकारिता	:	उत्तराखण्ड, गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल एण्ड अरोमा टूरिज्म स्वायत्त सहकारिता संघ, देहरादून।
[2] मुख्यालय	:	85 राजपुर रोड़ देहरादून, कार्यालय प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत उत्तराखण्ड
[3] कार्यक्षेत्र	:	सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य।
[4] प्रारम्भिक	:	अधिनियम का तात्पर्य उत्तराखण्ड स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 से होगा तथा इस अधिनियम में समय समय पर होने वाले संशोधन इन संगम अनुच्छेद पर अनिवार्यतः लागू होंगे ।

प्रमाणित किया जाता है कि उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल एण्ड अरोमा टूरिज्म स्वायत्त निबन्धन संख्या ...2-06 सहकारिता संघ देहरादून की संगम अनुच्छेद का निबन्धन दिनांक 21.05.2024 को किया गया।

संयुक्त निबन्धक
सहकारी समितियाँ उत्तराखण्ड
देहरादून

[5] परिभाषाएं:-

उत्तराखण्ड स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 में जब तक सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो:-

(क)'संघ' का तात्पर्य उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल व एरोमा पर्यटन विकास स्वायत्त सहकारिता संघ, देहरादून से है।

(ख)"माध्यस्थ अधिकरण" (Arbitrator Tribunal) से अभिप्रेत है – उस सहकारिता के इस संगम अनुच्छेदों के अनुसार विवादों का निपटारा करने के लिए सहकारिता के सामान्य निकाय द्वारा गठित किसी व्यक्ति अथवा विषम संख्या में व्यक्तियों का एक समूह;

(ग)"निदेशक बोर्ड अथवा "बोर्ड" से अभिप्रेत है – सहकारिता का शासी निकाय जो चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, जिसे इस संगम अनुच्छेदों के अधीन सहकारिता के कार्य करने के निर्देश सौंपे गये हैं;

(घ)"मुख्य कार्यपालक अधिकारी" से अभिप्रेत है – प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत, उत्तराखण्ड सहकारिता के पदेन अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी होंगे, जो ऐसे कार्यों का पालन करेगा तथा जिसके ऐसे उत्तरदायित्व होंगे ओर जो ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा जो सॅगम अनुच्छेद में विनिर्दिष्ट है तथा बोर्ड द्वारा समनुदेशित की गई है;

(ड.)"सहकारी कारोबार" से अभिप्रेत है – कोई ऐसा कारोबार जो सहयोग के सिद्धान्तों के अनुसार कृत्य करने का आशय रखता हो और इस अधिनियम के अधीन पंजीकृत सभी सहकारिताओं को सम्मिलित करता हो;

(च)"सहकारी पहचान "से अभिप्रेत है – इस अधिनियम की अनुसूची "क" में विनिर्दिष्ट सहकारी पहचान का विवरण;

(छ)" स्वायत्त सहकारिताअधिनियम"से अभिप्रेत है – उत्तरांचल स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003;

(ज)"अभ्यंतर सेवा (कोर सर्विस)"से अभिप्रेत है – सदस्यों को उपलब्ध कराई गई केन्द्रीय सेवायें जिनके माध्यम से सहकारिता सभी सदस्यों की उन सामान्य आवश्यकताओं की पूर्ति का आशय रखती है जिनकी पूर्ति के लिए सहकारिता का गठन किया गया था, जिनसे सदस्यों की आर्थिक तथा सामाजिक उन्नति की उम्मीद है;

(झ)"घाटा"से अभिप्रेत है – शेयर पूंजी पर लाभांश, यदि कोई हो की अदायगी के बाद वित्तीय वर्ष के अन्त में आय पर व्यय का शुद्ध आधिक्य;

(ञ)"घाटे का प्रभार"से अभिप्रेत है – घाटे की राशि यदि कोई हो, पूर्णतः या अंशतः पूर्ति करने के लिए संगम अनुच्छेद और साधारण निकाय के संकल्प के अनुसार सहकारिता की सेवाओं के उपयोग या अनुपयोग के अनुपात में सदस्यों से एकत्र की गई या उनके लेखे में विकलित की गई राशि;

(ट)"प्रतिनिधि"से अभिप्रेत है – वह सदस्य जो किसी सहकारिता की प्रोन्नति के समय तथा ऐसी सहकारिता के जिससे वह सहकारिता सम्बद्ध है, सभा के समय उसके हित का प्रतिनिधित्व करने के लिए उसके द्वारा नाम निर्दिष्ट किया गया है।

(ठ)"निदेशक"से अभिप्रेत है – वह सदस्य जिसे संगम अनुच्छेद के अनुसार सहकारिता के बोर्ड का निदेशक चुना गया है;

(ड)"वित्तीय वर्ष"से अभिप्रेत है – सहकारिता का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से 31 मार्च होगा;

(ढ)"साधारण निकाय"से अभिप्रेत है – सहकारिता के सम्बन्ध में अभिप्रेत उसके सभी सदस्य;

(ण)"साधारण सभा"से अभिप्रेत है – इस अधिनियम और संगम अनुच्छेद के उपबन्धों के अनुसार बुलायी गयी तथा संचालित की गयी साधारण निकाय की कोई सभा;

(त)"सदस्य"से अभिप्रेत है – ऐसा कोई व्यक्ति जिसे सहकारिता की अभ्यन्तर सेवाओं की वांछा और जो इसका प्रयोग करने में सक्षम हैं तथा जो इस अधिनियम और इस संगम अनुच्छेद के उपबन्धों के अनुसार

सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
व हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास
स्वायत्त सहकारिता संघ देहरादून

सहकारिता के सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है और सदस्य बना हुआ है, इसमें सदस्य सहकारिता शामिल है;

(थ)"**सदस्य सहकारिता**"से अभिप्रेत है – ऐसी कोई प्राथमिक या सहायक सहकारिता जिसे किसी सहायक सहकारिता की अभ्यतंर सेवाओं की वांछनीयता है और जो उसका प्रयोग करने में सक्षम है तथा जिसे इस अधिनियम तथा सहायक सहकारिता के संगम अनुच्छेद के उपबन्धों के अनुसार उस सहायक सहकारिता के सदस्य के रूप में सम्मिलित किया गया है;

(द)"**संगम ज्ञापन**"से अभिप्रेत है – वह दस्तोवज जो प्रवर्तकों के एक सहकारिता के रूप में गठन की इच्छा व्यक्त करता है;

(ध)"**पदाधिकारी**"से अभिप्रेत है – इस संगम अनुच्छेद के अनुसार किसी सहकारिता के बोर्ड द्वारा ऐसी सहकारिता के किसी पद हेतु चुना गया निदेशक;

(न)"**सहकारिता अधिकारी**"से अभिप्रेत है – किसी सहकारिता द्वारा उसका कारोबार सम्पन्न करने अथवा कार्यकलापों के पर्यवेक्षण हेतु पारिश्रमिक अथवा गैर पारश्रमिक आधार पर नियोजित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रबन्धन समिति का सदस्य कोषाध्यक्ष, लिक्वीडेटर अथवा सहकारिता द्वारा विनियोजित कोई अन्य व्यक्ति;

(प)"**साधारण संकल्प**"से अभिप्रेत है – साधारण निकाय का ऐसा कोई संकल्प जिसे साधारण सभा में मत देने का अधिकार रखने वाले, उपस्थित और मतदान में हिस्सा लेने वाले बहुमत सदस्यों का अनुमोदन प्राप्त हो;

(फ)"**व्यक्ति**"से अभिप्रेत है – ऐसा कोई व्यक्ति अथवा संस्था जो संविदा करने में सक्षम हों;

(ब)"**सम्भावित सदस्य**" से अभिप्रेत है– ऐसा कोई व्यक्ति जो किसी सहकारिता द्वारा प्रदत्त की जा रही अभ्यंतर सेवाओं की वांछा रखता हो और उस सहकारिता का सदस्य बनने की अर्हता रखता हो, परन्तु अभी तक उसका सदस्य न हो;

(भ)"**प्राथमिक सहकारिता**" से अभिप्रेत है – ऐसी कोई सहकारिता जिसके सदस्य व्यक्ति है;

(म) "**रजिस्ट्रार**" से अभिप्रेत है – वह व्यक्ति जिसे राज्य सरकार द्वारा इस अधिनियम के अधीन सहकारिताओं के रजिस्ट्रार के रूप में तत्समय नियुक्त किया हो ;

(य)"**सहायक सहकारिता**" से अभिप्रेत – ऐसी कोई सहकारिता जिसके सदस्य प्राथमिक सहकारिताऐं हो;

(र)"**विशेष संकल्प**" से अभिप्रेत – साधारण निकाय का ऐसा संकल्प जो कि कम से कम 15 दिन की सूचना पर बुलाई गई सभा में मत देने का अधिकार रखने वाले सहकारिता के कुल सदस्यों में से आधे से अधिक अथवा साधारण सभा में उपस्थित एवं मताधिकार का प्रयोगकरने वाले दो तिहाई सदस्यों या जो भी कम हो द्वारा पारित किया गया हों;

(ल)"**अधिशेष**" से अभिप्रेत है – वित्तीय वर्ष के अन्त में व्यय के ऊपर आय का आधिक्य जो अंशपूंजी पर लाभांश और बोनस यदि कोई हो, का भुगतान के बाद प्राप्त होता है;

(व)"**अधिशेष प्रतिदाय**" से अभिप्रेत है – संगम अनुच्छेद के उपबन्धों के अनुसार सहकारिता की सेवा के उपयोग के अनुपात में सदस्यों को दिये गये या उनके लेखा में जमा या विकलित किये गये अधिशेष का प्रतिदाय।

(श)"**सामान्य आवश्यकता**" से अभिप्रेत है– ऐसी आर्थिक आवश्यकता जो उन सभी व्यक्तियों के लिए सामान्य है, जो सहकारिता बनाने की इच्छा करते हैं या जिन्होंने किसी सहकारिता में सदस्यता ग्रहण की है तथा सहकारिता जिन्हें अपनी अभ्यन्तर सेवाओं के उपबन्धों के माध्यम से पूरा करने की प्रत्याशा करती है।

(ष)"**सहकारिता (कोऑपरेटिव)**" का जहां संज्ञा के रूप में प्रयोग किया गया है, वहां उससे अभिप्रेत है– अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत, आत्म निर्भर, स्वावलम्बी, परस्पर सहायता प्राप्त स्वायत्त, स्वैच्छिक, लोकतांत्रिक, व्यवसायिक उद्यम जो सदस्यों द्वारा महसूस की गई सामान्य आवश्यकताओं को पूरा करने वाली अभ्यंतर सेवाओं के वित्तीय रूप से लाभकर उपबन्ध के माध्यम से उनकी आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए इसके सदस्यों के संयुक्त स्वामित्व प्रबन्धन ओर नियंत्रण में हो।

(स)"**सहकारी समिति**" से अभिप्रेत है– उत्तर प्रदेश पुर्नगठन अधिनियम, 2000 के अधीन उत्तरांचल राज्य गठन की तिथि से पूर्व अथवा पश्चात् उत्तरांचल स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 के अधीन पंजीकृत कोई भी सहकारी समिति।

अध्यक्ष सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास
सहकारिता संघ देहरादून

(ह)"न्यायालय" से अभिप्रेत है– किसी जिले में मूल क्षेत्राधिकार वाला प्रधान सिविल न्यायालय और इसमें क्षेत्राधिकार के प्रयोग में उच्च न्यायालय भी शामिल है।

(क्ष)"सरकार" से अभिप्रेत है"–उत्तराखण्ड सरकार व भारत सरकार।

(त्र)"संगम ज्ञापन" से अभिप्रेत है"– वह दस्तावेज जो प्रर्वतकों के एक सहकारिता के रूप में गठन की इच्छा व्यक्त करता है।

(ज्ञ) **सचिव/कोषाध्यक्ष–** मुख्य वन संरक्षक, आजीविका एवं एन0टी0एफ0पी0, उत्तराखण्ड, देहरादून सहकारिता के पदेन अपर प्रबन्ध निदेशक/उपाध्यक्ष/सचिव/कोषाध्यक्ष होंगे, जिस पर समिति के नाम से वाद चलाया जा सकेगा, तथा समिति की ओर से वाद चला सकेगा एवं ऐसे अन्य कार्यों का सम्पन्न करने, ऐसी अन्य शक्तियों एवं दायित्वों को धारण करने के लिए चुना गया हो, जैसा कि इस संगम अनुच्छेद में विर्निदिष्ट हो, तथा बोर्ड द्वारा समानुदेशित किया गया हो।

[6] उद्देश्य

(1) मुख्य उद्देश्य–

(क) राज्य में पाई जाने वाली जड़ी बूटी का पंचायती वनों तथा निजी भूमि में रोपण, संग्रहण/विपणन करना।

(ख) हर्बल एव सगन्ध पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन पार्क स्थापित करना।

(ग) हर्बल उत्पादों के प्रसंशकरण हेतु छोटे तथा बड़े प्रसंशकरण संयत्र स्थापित करना।

(घ) उपरोक्त की प्राप्ति हेतु क्षमता विकास तथा हर्बल मेलों के आयोजन से प्रचार–प्रसार करना।

(ड.) उपरोक्त के माध्यम से स्थानीय लोगों की आय सृजन करना व आजीविका बढ़ाना।

(2) गौण उद्देश्य–

(क) वन पंचायतों की संस्थागत क्षमता का विकास करना।

(ख) स्थानीय लोगों में स्वावलम्बन और पारस्परिक सहयोग की भावना को प्रोत्साहन देना।

(ग) पर्यावरण संरक्षण से संबंधित प्रचार–प्रसार को बढ़ावा देना।

(घ) सामान्य रुप से संघ के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए व उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए अन्य कार्य करना।

[7] **सदस्यताः** जब तक अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों के अधीन अन्यथा न हो तब तक स्वायत्त सहकारिता की सदस्यता ऐसी स्वायत्त सहकारिताओं अथवा स्वायत्त सहायक सहकारितओं को उपलब्ध रहेगी जो अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत हों।

(क) उत्तराखण्ड राज्य की सीमाओं के अन्तर्गत कार्यक्षेत्र हो।

(ख) जो सदस्यता के दायित्वों को स्वीकार करने की स्वीकृति व्यक्त करता है ;

(ग) सदस्यता शुल्क 100/– रूपये जमा करके उचित प्रार्थना पत्र भरकर हस्ताक्षर करें ;

स्वायत्त सहकारिता की सदस्यता प्रदान करने में कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय लिया जायेगा;

(घ) जहां बोर्ड द्वारा किसी आवेदक का प्रवेश अस्वीकार किया गया है या आवेदक को बोर्ड से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है वहां आवेदक माध्यस्थम् अधिकरण के समक्ष आवेदन को पुनर्विलोकित करने हेतु बोर्ड से अनुरोध कर सकेगा। बोर्ड आवेदन को माध्यस्थम् अधिकरण की अगली बैठक में रखेगा और माध्यस्थम् अधिकरण का विनिश्चय अंतिम होगा ;

परन्तुक यह कि आवदेक को माध्यस्तम् अधिकरण द्वारा सुनवाई का अवसर दिया जायेगा;

(ड.) केवल बोर्ड द्वारा ही सदस्यता प्रदान की जायेगी ।

7(1) **सदस्यता का प्रवेशः–**

(क) प्रार्थना पत्र की प्राप्ति पर निदेशक बोर्ड द्वारा बैठक करके इच्छुक स्वायत्त सहकारिताओ एवं सहायक सहकारिताओ को अधिनियम व इस संगम अनुच्छेद के विनियमों के अर्न्तगत सदस्यता प्रदान की जायेगी।

(ख) जहां प्रवेश अस्वीकार किया जाये वहां ऐसे आवेदक को निर्णय की तिथि से 15 दिन के अन्दर अथवा आवेदन प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अन्दर जो भी पहले हो पंजीकृत डाक द्वारा संसूचित की जायेगी।

(ग) जहां बोर्ड द्वारा किसी आवेदक का प्रवेश अस्वीकार किया गया है या आवेदक को बोर्ड से कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है वहाँ आवेदक माध्यस्थम अधिकरण के समक्ष आवेदन को पुर्नविलोकन करते हुए बोर्ड से अनुरोध कर सकेगा।

अध्यक्ष सचिव

उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास

(घ) सदस्यता ग्रहण करने के लिये स्वायत्त सहकारिता एवं सहायक सहकारिता द्वारा निर्धारित प्रारूप पर संघ के सचिव को प्रार्थना पत्र देना होगा तथा संघ के साम्य अंश जिसकी कीमत पूर्व से ही तय होगी, क्रय करेगा व प्रवेश शुल्क 100 रू0 होगा।

(ड.) इच्छुक स्वायत्त सहकारिता एवं सहायक सहकारिता द्वारा सदस्यता में प्रवेश के लिए संघ द्वारा निर्धारित घोषणा पत्र व अन्य कोई अनुबन्ध यदि हों, पर हस्ताक्षर करने होंगें ।

(च) स्वायत्त सहकारिता द्वारा किसी सहकारिता एवं सहायक सहकारिता की सदस्यता समाप्त होने के और उसकी परिणामी स्थितियों की सूचना सम्बन्धित सदसरू सहकारिता अथवा सहायक सहकारिता को दी जायेगी।

7(2) (1) सदस्यता की समाप्ति :–

(क) सदस्य सहकारिता एवं सहायक सहकारिता के विघटन होने पर।

(ख) सदस्य द्वारा त्याग–पत्र दे देने व ऐसे त्याग पत्र का निदेशक बोर्ड द्वारा स्वीकृत किये जाने पर।

(ग) कार्यकारिणी द्वारा संस्था के नियमों अथवा उपनियमों का पालन नहीं करने पर सदस्यता समाप्त कर दी जायेगी।

(घ) सदस्य द्वारा यदि संस्था से ऋण प्राप्त किया गया है तो ऋण के सम्पूर्ण भुगतान पर ही सदस्यता से त्यागपत्र स्वीकार होगा।

(ड.) सदस्य सहकारिता की विघटन की दशा में इसकी सूचना सदस्य को देगी तथा प्रत्येक अन्य स्थिति में कर दी गई हो वहां वह सदस्य बोर्ड से उसके विनिश्चय को मध्यस्थम् अधिकरण के समक्ष पुनर्विचार हेतु रखने का अनुरोध कर सकेगा।

(च) स्वायत्त सहकारिता का बोर्ड किसी भी ऐसे सदस्य की सदस्यता समाप्त कर सकता है जिसने सहकारिता के विरूद्ध कार्य किया हो।

परन्तु यह है कि सदस्य को बोर्ड के समक्ष सदस्यता समाप्त न किये जाने के लिये अध्यावेदन करने का समुचित अवसर दिया गया हो।

(2) सदस्यता वापस लेना :–

(क) स्वायत्त सहकारिता का कोई भी सदस्य किसी भी समय सहकारिता की सदस्यता वापस ले सकेगा।

(ख) सदस्यता वापस लेने हेतु कोई सदस्य संघ के बोर्ड को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करेगा तथा ऐसे प्रार्थना पत्र पर विचार करने हेतु बोर्ड की बैठक में विनिश्चय किया जायेगा ।

(ग) स्वायत्त सहकारिता का बोर्ड, सदस्यता वापस लेने के प्रार्थना पत्र पर किसी सदस्य से उन बाध्यताओं की पूर्ति की अपेक्षा की जायेगी जिनका कि भार इस संगम अनुच्छेद या किसी करार के उपबन्धों के अधीन उसने सदस्य के रूप में अपने ऊपर लिया था अथवा ग्रहण किया था।

(घ) यदि संघ के बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि सदस्यता वापस लेने वाले सदस्य पर संघ का कोई अधिभार शेष नहीं है तो वह इस प्रयोजन हेतु बुलाई गई बैठक में ऐसे सदस्य की प्रार्थना को स्वीकार करेगा ।

(ड.) यदि किसी सदस्य के सदस्यता वापसी के प्रार्थना पर, प्रार्थना पत्र दिये जाने की तिथि से 30 दिन के अर्न्तगत संघ के बोर्ड द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जाता है तो यह समझा जायेगा कि उस व्यक्ति के सदस्यता वापस लेने पर बोर्ड को कोई आपत्ति नहीं है तथा उक्त अवधि व्यतीत हो जाने पर उसकी सदस्यता स्वतः ही समाप्त समझी जायेगी ।

(च) संघ के बोर्ड द्वारा किसी सदस्य के सदस्यता वापसी के प्रार्थना पत्र को स्वीकृत कर लिये जाने का संकल्प पारित होने की तिथि से अथवा सदस्यता वापसी हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत हो जाने पर, वह सदस्य जिसने सदस्यता वापसी के लिये प्रार्थना पत्र दिया है, संघ का सदस्य नहीं रह जायेगा और सदस्य के अधिकारों का प्रयोग नहीं कर सकेगा।

7(3) सदस्यों द्वारा अधिकारों/मताधिकार का प्रयोग :–

(क) संघ का सदस्य, सदस्य के अधिकारों का, जिसमें मत का अधिकार भी शामिल है, तब तक नहीं करेगा जब कि उसने सदस्यता के सम्बन्ध में संघ को ऐसा संदाय न कर दिया हो या जब तक कि उसने संघ में ऐसा हित निरंतर न रखा हो तथा अर्जित न कर लिया हो जैसा कि इस संगम अनुच्छेद में विनिर्दिष्ट किया गया है।

(ख) प्रत्येक वित्तीय वर्ष में मुख्य कार्यपालक अधिकारी पूर्व वित्तीय वर्ष की समाप्ति से बीस दिन के अन्दर एक सूची तैयार करेगा जिसमें मत का अधिकार रखने वाले सदस्य होंगें, तथा एक ऐसी सूची तैयार करेगा जिसमें मत का अधिकार न रखने वाले सदस्य होंगे, जो चालू वित्तीय वर्ष के लिए विधि

सचिव
...ण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
...र्बल व अरोमा पर्यटन विकास
...त सहकारिता संघ देहरादून

मान्य होगी। समस्त सदस्यों की जानकारी के लिए सहकारिता के सूचना पटट् पर सूचियों चस्पा की जायेंगी तथा ऐसा कोई सदस्य जो सूचियों में सदस्यों के समावेश अथवा असमावेश के विशिष्ट उदाहरण से संतुष्ट नहीं है, सूचना पट्ट पर सूचियों के चस्पा किए जाने की तिथि से 10 दिन के अन्दर, बोर्ड को, अभिलेख का पुनः परीक्षण करने के लिए अपील कर सकेगा तथा बोर्ड, पूर्व वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 45 दिन के अन्दर सूचियों का पुनराविलोकन करेगा, उन्हें अन्तिम रूप देगा तथा सहकारिता के सूचना पट्ट पर चस्पा करेगा।

(ग) प्रत्येक सदस्य को केवल एक मत देने का अधिकार होगा परन्तु ऐसा कोई सदस्य मत देने के लिए पात्र बनने के पूर्व कम से कम एक पूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए सदस्य रह चुका हो :

परन्तु यह और कि एक वर्ष की सदस्यता की शर्त उस सदस्य पर लागू नहीं होगी जो संघ के पंजीकरण/संपरिवर्तन के समय या पंजीकरण/संपरिवर्तन के पश्चात किसी भी समय किन्तु प्रथम वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पूर्व सदस्य बनते हैं ।

(घ) सदस्यता प्राप्त करने के लिये प्रत्येक सदस्य को उतने साम्य अंश क्रय किये जाने आवश्यक होंगे जो इस संगम अनुच्छेद में सदस्यों के दायित्व निर्धारण के लिये निर्धारित किये गये हों। यह प्रतिबन्ध सहकारिता के पदेन सदस्यों पर लागू नहीं होगा।

(ड.) सदस्यता प्राप्त करने के इच्छुक सदस्य को उत्तराखण्ड के नागरिक होने का प्रमाणक प्रस्तुत करना आवश्यक होगा तथा सहकारिता के किसी सदस्य, कर्मचारी, निदेशक बोर्ड, माध्यस्तम् अधिकरण से परिचय (Introduction) कराना भी आवश्यक होगा ।

7(4) **सदस्यता रजिस्टर :–**

सदस्यों का सदस्यता रजिस्टर सहकारिता के मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा संकलित किया जायेगा जिसमे सदस्य का समस्त बायोडाटा अनिवार्य रूप से अंकित होंगे। सदस्यता रजिस्टर क प्रत्येक पृष्ठ को मुख्य कार्यकारी अधिकारी व अध्यक्ष द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा । सदस्यता समाप्त होने पर रजिस्टर से नाम काट दिया जायेगा।

[8] **साधारण निकाय : –**

(क) संघ का एक साधारण निकाय होगा जिसमें उसके सभी सदस्य सम्मिलित होंगे।

(ख) संघ के अन्तिम शक्ति उसके सदस्यों के साधारण निकाय में निहित होगी।

प्रतिबन्ध यह है कि साधारण निकाय का कोई निर्णय इस अधिनियम के अर्न्तगत संघ के निदेशक बोर्ड अथवा प्राधिकारी को प्रदत्त शक्तियों पर कोई प्रभाव नहीं डाल सकेगा।

[9] **साधारण निकाय के कार्य एवम् उत्तरदायित्व :–**

(1) अधिनियम 2003 की धारा 27 – की उपधारा (1),(2) के अनुसार निर्धारित होंगे तथा उत्तराखण्ड सहकारिता अधिनियम 2003 की धारा 28 की उपधारा (1),(2),(3),(4),(5) में दिये गये प्राविधानों के अनुसार सामान्य निकाय की बैठक बुलाई जायेगी। जिसकी गणपूर्ति सामान्य निकाय के कुल सदस्यों की 1/3 होगी। साधारण निकाय की बैठक में गणपूर्ति पूर्ण न होने की दशा में स्थगित कर दी जायेगी तथा स्थगित बैठक स्थगन के दिनांक से 16वें दिन आहूत होगी। जिसमें गणपूर्ति कुल सदस्यों के 1/5 से होगी।

(2) अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिये यह संघ किसी 'सहायक सहाकारिता' की सदस्यता ग्रहण कर सकती है, ऐसा निर्णय साधारण निकाय की बैठक में साधारण संकल्प द्वारा लिया जायेगा तथा मताधिकार प्राप्त साधारण निकाय के सदस्यों के कम से कम 2/3 (दो तिहाई) बहुमत से पारित किया जा सकेगा ।

(3) किसी 'सहायक सहकारिता' की सदस्यता ग्रहण करने का साधारण संकल्प पारित हो जाने पर 'सहायक सहकारिता' में उसका प्रतिनिधित्व करने हेतु मताधिकार प्राप्त साधारण निकाय के किन्हीं दो सदस्यों का निर्वाचन किया जायेगा और इन प्रतिनिधियों का कार्यकाल **प्रबन्ध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी** के कार्यकाल के समकक्ष ही होगा ।

(4) साधारण निकाय द्वारा अपने वार्षिक साधारण निकाय सभा में ऐसे अन्य विषय के साथ, जो बोर्ड द्वारा आवश्यक समझें जाए, निम्नलिखित विषयों पर विचार किया जायेगा :–

(क) पिछले सभा के सकंल्पो पर कार्यवाही ;

(ख) दीर्घकालीन योजनाओं व बजट पर विचार, जब अपेक्षित हो ;

(ग) वार्षिक कार्यकारी योजना और चालू वित्तीय वर्ष के बजट पर विचार ;

(घ) चालू वित्तीय वर्ष के लिए लेखा परीक्षकों की नियुक्ति ;

(ड.) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की गतिविधियों की वार्षिक रिपोर्ट पर विचार ;

(च) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों और पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष से संबधित लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर विचार ;

(छ) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष से सम्बन्धित अनुमोदित बजट से विचलन, यदि कोई हो, और की जाने वाली समुचित कार्यवाही ;

(ज) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के आधिक्य का निपटारा, यदि कोई हो ;

(झ) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के घाटे का प्रबंधन, यदि कोई हो ;

(ञ) विशिष्ट आरक्षित एवं अन्य निधियों का सृजन ;

(6)

अध्यक्ष सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास
स्वायत्त सहकारिता संघ देहरादून

(ट) आरक्षित एवं अन्य निधियों के वास्तविक उपयोग की समीक्षा ;

(ठ) सभाओं में उपस्थिति पर निदेशकों द्वारा की गई रिपोर्ट की समीक्षा ;

(ड) सहकारिता सेवाओं के उपयोग की निदेशको द्वारा समीक्षा ;

(ढ) किसी निदेशक या किसी समिति के किसी सदस्य या आंतरिक लेखापरीक्षक को उस हैसियत में उसके कर्तव्यों के संबंध में या संबंधित सभा में उसकी उपस्थिति के लिए दिए गए पारिश्रमिक की समीक्षा ;

(ण) गैर सदस्यों के मुकाबले में सदस्यों को उपलब्ध कराई गई सेवाओं की मात्रा और प्रतिशत की समीक्षा ;

(त) ऐसा आवेदक जिसकी सदस्यता आवेदन बोर्ड द्वारा निरस्त कर दिया गया हो, की अपील पर सुनवाई एवं निर्णय ;

(थ) बोर्ड द्वारा सदस्यता से निकाले गए किसी व्यक्ति की अपील पर सुनवाई व निर्णय ;

(द) सदस्य शिक्षा तथा बोर्ड और कर्मचारीबृन्द के प्रशिक्षण से संबंधित कार्यकलापों एवं लेखाओं की रिपोर्ट ;

(ध) रजिस्ट्रार को भेजे जाने वाली वार्षिक विवरणियों की समीक्षा ।

(5) निदेशक बोर्ड द्वारा जब निम्नलिखित और अन्य मामले आवश्यक समझे जाएंगे तो साधारण निकाय की वार्षिक सभा या अन्य सभाओं में उस पर कार्यवाही की जाएगी :–

(क) संगम अनुच्छेद में संशोधन ;

(ख) निदेशकों को हटाया जाना ;

(ग) बोर्ड की असामयिक रिक्तियों पर चुनाव/नियुक्ति ;

(घ) लेखा परीक्षकों को हटाया जाना और परिणामी नियुक्ति ;

(ङ) सहायक सहकारिताओं में सहकारिता की सदस्यता ;

(च) अन्य सहकारिताओं के साथ भागीदारी ;

(छ) आस्तियों एवं दायित्वों का समामेलन, विभाजन, संविलयन औरा अंतरण ;

(ज) सहकारिता का विघटन ;

(झ) रजिस्ट्रार की जांच रिपोर्ट, यदि कोई हो, पर विचार ;

(ञ) माध्यस्तम् अधिकरण का गठन ।

[10] साधारण सभा :–

(1) बोर्ड किसी भी समय संघ के सदस्यों की साधारण सभा बुला सकेगा :
परन्तु वार्षिक साधारण सभा के रूप में ज्ञात एक ऐसी सभा, जिसमें विनिर्दिष्ट मामलों पर कार्यवाही हेतु संघ के वित्तीय वर्ष की समाप्ति से एक सौ पचास दिन के अन्दर बुलाई जायेगी ।

(2) बोर्ड निम्नलिखित से अध्यापेक्षा प्राप्त होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर एक विशेष साधारण सभा बुलाएगा :–

(क) मत देने का अधिकार रखने वाले कुल सदस्यों के 1/5 सदस्यों, अथवा 500 सदस्य, जो भी कम हो, अथवा

(ख) रजिस्ट्रार द्वारा अधिनियम के अधीन उसके कृत्यों के अनुसरण में :
परन्तु ऐसी अपेक्षा में वे कारण निहित होंगें जिनके लिए सभा आवश्यक समझी गयी है तथा प्रस्तावित कार्यसूची में शामिल विषयों के अलावा किसी अन्य विषय पर विशेष साधारण सभा में विचार नहीं किया जायेगा ।

(3) ऐसी कालावधि की समाप्ति पर जिसके दौरान उपनियम (1) के अधीन वार्षिक साधारण सभा अथवा उपनियम (2) के अधीन विशेष साधारण सभा होनी आवश्यक है और यदि बोर्ड विनिर्दिष्ट कालावधि में ऐसी सभा बुलाने में असफल रहता है तो समस्त निदेशक अपने पद पर नहीं रहेंगें ।

(4) सभी निदेशक वार्षिक साधारण सभा की तिथि को निदेशक के रूप में पद पर नहीं रहेंगें यदि पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणी और लेखा परीक्षा की टिप्पणियां, यदि कोई हों, पूर्ववर्ती वषो के कार्य कलाप की रिपोर्ट के साथ सदस्यों को उस सभा में उपस्थित होने की सूचना के साथ उपलब्ध नहीं करा दी जाती जिसमें कि लेखा रिपोर्ट पर साधारण निकाय द्वारा विचार किया जाना हो और ऐसी साधारण सभा माध्यस्तम् अधिकरण द्वारा, बोर्ड अथवा माध्यस्तम् अधिकरण के सदस्यों को छोड़कर, नियुक्त अध्यक्ष द्वारा संचालित की जायेगी ।

[11] साधारण निकाय का कार्यवृत्त :–

सामान्य निकाय की कार्यवाही का कार्यवृत्त सहकारिता के सचिव द्वारा तैयार किया जायेगा तथा तैयार कार्यवृत्त अध्यक्षता करने वाले व्यक्ति/मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित किया जायेगा। अध्यक्षता किये जाने वाले व्यक्ति द्वारा असमर्थता व्यक्त करने पर बोर्ड द्वारा अधिकृत निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित किया जायेगा। साधारण सभा के इस कार्यवृत्त की प्रतियां सम्बन्धित सदस्यों को 15, दिन के अन्दर सहकारिता के सचिव द्वारा अनिवार्य रूप से भेजी जायेगी।

[12] निदेशक बोर्ड :–

(7)

अध्यक्ष सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास
स्वायत्त सहकारिता संघ देहरादून

1. निदेशक बोर्ड में 14 सदस्य होंगे।
2. पंजीकरण के समय कार्यरत निदेशक बोर्ड को प्रवर्तक बोर्ड कहा जायेगा। अध्यक्ष / प्रबन्ध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी सहकारिता के मुख्य प्रवर्तक होंगे।

[13] **निदेशक बोर्ड के सदस्य हेतु अर्हतायें :–**

1. निदेशक बोर्ड में निम्न सदस्य होंगेः–

(क). प्रमुख वन संरक्षक, वन पंचायत, उत्तराखण्ड –सभापति।
(ख). मुख्य वन संरक्षक, एन0टी0एफ0पी0, उत्तराखण्ड –उपसभापति।
(ग). निदेशक, सगन्ध पौधा केन्द्र, उ0 सरकार –निदेशक।
(घ). उप सचिव, उत्तराखण्ड शासन –निदेशक।
(ड.). हर्बीकल्चर अधिकारी/वैज्ञानिक बी –निदेशक।
(च). संयुक्त निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखण्ड–निदेशक।
(छ). उपमहाप्रबन्धक (वि0 या0) उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड नवीन मण्डी स्थल –निदेशक।
(ज). महानिदेशक/आयुक्त उद्योग, उद्योग निदेशालय, उत्तराखण्ड –निदेशक।
(झ). निदेशक, उद्यान विभाग –निदेशक।
(ञ). निदेशक बोर्ड द्वारा संघ के उद्देश्यों के अनुरूप कम से कम 05 विषेशज्ञ निदेशक जिनको निदेशक बोर्ड द्वारा सहयोजित (co-opted) किया जायेगा।

2– उस तिथि से जिससे ऐसा सदस्य निम्नलिखित कारणों से निदेशक नहीं रह गया हो, तीन वर्ष की कालावधि बीत गई हो –
(क) साधारण सभा का आयोजन न करना ;
(ख) साधारण निकाय को कार्य कलापों की रिपोर्ट, लेखाओं का लेखापरीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरण और/अथवा लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रस्तुत न की गई हो; अथवा
(ग) बोर्ड की सभा से अनुपस्थिति ।

[14] **निदेशक बोर्ड के सदस्य हेतु अनर्हतायें :–**

कोई सदस्य संघ के निदेशक बोर्ड का सदस्य होने या बने रहने का पात्र न होगा, यदि–
(1) उसकी आयु 21 वर्ष से कम हो ;
(2) यदि वह दिवालिया घोषित हो ;
(3) वह विकृत चित्त या बहरा या गूंगा या अन्धा हो अथवा कोढ़ से पीड़ित हो ;
(4) उसे भारत के किसी न्यायालय द्वारा ऐसे अपराध के लिए दोषी ठहराया हो जिसके विरूद्ध अपील रद्द न की गई हो ;
(5) उसके परिवार का कोई सदस्य निदेशक बोर्ड की अनुज्ञा के बिना, सहकारिता के कार्य–क्षेत्र के भीतर उसी प्रकार का कारोबार करना शुरू करे या करता हो, जैसा सहकारिता करती है ;
(6) अधिनियम या संघ के संगम अनुच्छेद के प्रतिकूल सहकारिता के साथ कोई व्यवहार या संविदा करे ;
(7) संघ के सामान्य निकाय का मताधिकार प्राप्त सदस्य न हो ;
(8) उत्तराखण्ड स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 के अधीन किसी अपराध के लिए दोषी सिद्ध किया गया हो, जब तक कि दोष सिद्धि के दिनांक से पांच वर्ष की अवधि व्यतीत न हो गई हो ;
(9) ऐसा व्यक्ति जिसके विरूद्ध संघ ने उत्तरांचल स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 की धारा–48(5) के अधीन प्रमाण पत्र जारी किया गया हो ;
(10) यदि वह ऐसी किसी अन्य सहकारिता (सहायक सहकारिता को छोड़कर) में भी सदस्य हो जिसका कार्य, कारोबार व उद्देश्य इस सहकारिता के अनुरूप हैं ;
(11) राजकीय सेवा या किसी सहकारिता/सहकारी समिति की सेवा अथवा निगमित निकाय से कपट, दुराचरण या बेईमानी करने के पदच्युत किया गया हो और पदच्युति का ऐसा आदेश अपील में रद्द न किया गया हो ;
(12) किसी ऐसी संघ के पंजीकरण के प्रार्थना पत्र में सम्मिलित हो अथवा उसके निदेशक बोर्ड का सदस्य रहा हो जो उत्तरांचल स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 की धारा–52 की उपधारा–4 के खण्ड–'क' के अर्न्तगत समापित कर दी गई हो, और समापन का ऐसा आदेश अपील में उत्क्रमित न किया गया हो ।
(14) अधिनियम या संघ के संगम अनुच्छेद के किसी उपबन्ध के अधीन अन्यथा अनर्ह हो ;
(15) निदेशक बोर्ड की तीन लगातार बैठकों में बिना किसी उचित कारण के अनुपस्थित रहे;

अध्यक्ष सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास स्वायत्त सहकारिता संघ देहरादून

[15] **अनर्ह निदेशक को बोर्ड की सदस्यता से हटाया जाना :–**

जैसे ही यह तथ्य निदेशक बोर्ड कि की जानकारी में आये कि बोर्ड का कोई सदस्य/निदेशक किसी प्रकार अनर्ह हो गया है, तो निदेशक इस प्रयोजन के लिए साधारण निकाय की आवयक बैठक बुलायेगा जिसमें इस विषय पर

विचार किया जायेगा । ऐसी बैठक की कार्य सूची की एक प्रति उस सदस्य/निदेशक को जिसके विरूद्ध कार्यवाही किए जाने का प्रस्ताव हो, व्यक्तिगत रूप से या रसीदी रजिस्ट्री डाक द्वारा दी जायेगी । यदि सम्बन्धित सदस्य/निदेशक को ऐसी अर्नहता के कारण निदेशक बोर्ड से हटाने का संकल्प पारित हो जाय तो संकल्प की एक प्रति भी सम्बद्ध व्यक्ति को रसीदी रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजी जायेगी और तदुपरान्त ऐसे सदस्य को किसी भी अन्य प्रकार से निदेशक बोर्ड के सदस्य के रूप में निदेशक बोर्ड की किसी बैठक में कार्य करने या उपस्थित होने की अनुज्ञा नहीं दी जायेगी । ऐसे निदेशक/सदस्य का पद रिक्त घोषित किया जायेगा, वह सदस्य ऐसी कार्यवाही से व्यथित हो तो वह नोटिस प्राप्त होने के दिनांक से तीस दिन के भीतर माध्यस्तम् अधिकरण के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकेगा और माध्यस्तम् अधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा ।

[16] सहकारिता का प्रबंधः–

सहकारिता का समस्त कार्य कार्यकारिणी समिति अथवा निदेशक बोर्ड द्वारा संचालित होगा।

[17] बोर्ड की सभाः–

1– स्वायत्त सहकारिता अधिनियम–2003 की धारा 35 की उपधारा 1 से 7 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार बोर्ड की बैठक आहूत एवं सम्पन्न कराई जायेगी। बैठक हेतु गणपूर्ति, निदेशकों की कुल संख्या के आधे से अधिक की होगी।

2– बोर्ड की सभा सामान्यतः प्रत्येक माह में एक बार या उतनी बार जितने बार सहकारिता के कार्य सम्पादन हेतु आवश्यक हो, आहूत की जायेगी ;

प्रतिबन्ध यह कि निदेशक बोर्ड की बैठक वर्ष में कम से कम चार बार अनिवार्य रूप से आहूत की जायेगी और किन्ही दो क्रमवर्ती सभाओं के बीच की कालावधि एक सौ बीस दिनों से अधिक नहीं होगी।

3– संघ का अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी बोर्ड की सभा किसी भी समय बुला सकेगा।

4– निम्नलिखित द्वारा अधियाचन दिए जाने पर अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी अधियाचन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर बोर्ड की विशेष बैठक आयोजित करेगा :–

(क) बोर्ड के कम से कम एक तिहाई निदेशकों से; या

(ख) लेखापरीक्षक से

परन्तु ऐसे किसी भी अधियाचन में वे कारण निहित होंगे जिनसे सभा आवश्यक समझी गयी हो और प्रस्तावित कार्यसूची तथा उसमें शामिल विषयों के अलावा किसी अन्य विषय पर बोर्ड की विशेष सभा में विचार विमर्श नहीं किया जाएगा ।

5– संघ अपनी कार्यवृत्त पुस्तिका में हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में बोर्ड की प्रत्येक सभा का कार्यवृत्त रखेगी और मुख्य कार्य पालक अधिकारी ऐसी प्रत्येक सभा की समाप्ति के सात दिन के अन्दर कार्यवृत्त की प्रति सभी निदेशकों को भेजेगा ।

6– इस प्रकार से अभिलिखित कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर, सभा की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति करेगा या उस आगामी सभा की अध्यक्षता करने वाला व्यक्ति जिसमें कि कार्यवृत्त की कार्यवृत्त की पुष्टि की जाती है ।

7– निदेशक बोर्ड की बैठक का एजेण्डा कम से कम एक सप्ताह पूर्व निकाले।

अध्यक्ष सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास
स्वायत्त सहकारिता संघ देहरादून

बोर्ड के कार्य दायित्व एवं शक्तियाँ निम्न प्रकार होंगी:–

[18](1). निदेशक बोर्ड के कार्य एवं अधिकार :–

1– निदेशक बोर्ड पर संगम अनुच्छेद के नियम तथा अधिनियम के प्रावधान लागू होगें।

2– संघ के सदस्य खातों व वित्त संबंधी प्रपत्रों का परिचालन अध्यक्ष एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षरों से होगा।

3– संघ की सदस्यता स्वीकृत करना तथा सदस्यता समाप्त करना।

4– संघ के व्यवसाय एवं कार्यों में वृद्धि हेतु कार्य योजनाओं का अनुमोदन करना।

5– संगम अनुच्छेद के अर्न्तगत बनाये गये विनियमों के अधीन रहते हुये सहकारिता के लिए वैतनिक या अवैतनिक अधिकारियों की नियुक्ति, अपदस्थ, पृथक तथा निनम्बित करना या अन्य प्रकार से दण्ड देना या प्रतिभूति मांगना ।

6– उपभोक्ता भण्डार, सामूहिक भोजनालय, परिवहन सेवा, स्कूल, चिकित्सालय, क्लब आदि सामाजिक तथा मनोरंजन सस्थाओं जिनकी मांग सदस्यों द्वारा की जाय, संगठित करना तथा चलाना ।

7– संगम अनुच्छेद व अधिनियम के अनुसार आयोजित की जाने वाली बैठकों की व्यवस्था करना और वार्षिक बैठक में पूर्ववर्ती वर्ष का वार्षिक प्रतिवेदन आय–व्यय के लेखे तथा सन्तुलन पत्र तथा सदस्यों या रजिस्ट्रार द्वारा अपेक्षित अन्य विवरण प्रस्तुत करना ।

8– संघ के वार्षिक संतुलन पत्र प्रकाशित करना ।

9– संघ के कार्य कलापों से सम्बन्धित वदों या विधिक कार्यवाहियों की, जो सहकारिता द्वारा या उसके विरूद्ध दायर की गई हो, उन्हें निदेशक बोर्ड के किसी सदस्य या सहकारिता के सचिव या इस सम्बन्ध

में विशेष रूप से अधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा संचालित करना, प्रतिरक्षा करना या उनमें समझौता करना ।

10– संघ I द्वारा लिये गये ऋणों का उपयोग उन्हीं प्रयोजनों में किया जा रहा है जिसके लिये उनकी स्वीकृति दी गई थी, को सुनिश्चित करना ।

11– सदस्यों द्वारा सहकारिता से लिये गये ऋणों व अन्य भुगतान के ठीक समय पर भुगतान की देख रेख तथा उनकी वसूली के लिए समुचित प्रबन्ध करना ।

12– समिति के लेखों का परीक्षण तथा जांच करना तथा इस बात को सुनिश्चित करना कि समिति का हिसाब तथा लेखे निर्धारित प्रपत्रों पर रक्खे जा रहे हैं ।

13– समस्त प्रकार के व्ययों की स्वीकृति देना ।

14– लेखा परीक्षा सम्बन्धी टिप्पणियों पर विचार तथा कार्यवाही करना और यदि आवश्यक हो, उनके सम्बन्ध में प्रस्ताव करना ।

15– अधिनियम में विनिर्दिष्ट उपबन्धों तथा संगम अनुच्छेद में बनाये गये विनियमों का पालन सुनिश्चित करना व कराना ।

16– संघ के सदस्यों को मार्गदर्शन प्रदान करना तथा इन संगम अनुच्छेद व स्वायत्त सहकारिता अधिनियम 2003 के अर्न्तगत उनके हितों की रक्षा करना व उनकी आर्थिक दशा को सुधारने के लिये प्रयासरत् रहना

17– संघ के हितों की रक्षा करना ।

[18](2). अध्यक्ष/मुख्य कार्यपालक अधिकारी

क– संस्था की कार्यकारिणी समिति व आमसभा की बैठकों की अध्यक्षता करना।

ख– संस्था के हितार्थ कोई भी कार्य जो कार्यकारिणी समिति व आमसभा से स्वीकृति हो, करवाना।

ग– अधिनियम एवं इस संगम अनुच्छेद के उपबन्धों एवं विनियमों के अर्न्तगत निदेशक बोर्ड तथा सामान्य निकाय की बैठक बुलवाये जाने हेतु एजेण्डा निर्गत करना।

घ– यदि किसी कार्यकारिणी की बैठक में बलवे या खुली हिंसा के कारण कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न हो जाये या किसी प्राकृतिक आपदा या किसी अन्य अकाट्य कारण से बैठक की कार्यवाही आगे चलाये जाने में व्यवधान उत्पन्न हो तो उस बैठक को आगामी दिनांक तक के लिये स्थगन करना।

प्रतिबन्ध यह है कि इस प्रकार स्थगित बैठक स्थगन की तिथि से सौलवें दिन आहूत की जायेगी ।

च– संस्था के बैंक/बैंकों में खुले खातों पर सचिव के साथ संयुक्त हस्ताक्षर करना ।

छ– निदेशक बोर्ड एवं सामान्य निकाय की बैठक में किसी प्रस्ताव पर बराबर मत होने की दशा में अपना निर्णायक मत देना ।

ज– निदेशक बोर्ड के नियन्त्रण में कार्य करना । निदेशक बोर्ड एवं सामान्य निकाय की बैठकों में भाग लेना व बैठकों का कार्यवृत्त इस प्रयोजन हेतु बनाई गई पंजिका में लिखना। संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कार्य करना तथा संस्था में कोष का संचालन अध्यक्ष के संयुक्त हस्ताक्षरों से करना ।

झ– संस्था के समस्त अभिलेखों तथा विभिन्न बहियों को उचित रूप से अध्यावधिक पूर्ण रखना। अधिनियम एवं संगम अनुच्छेद के अनुसार नियतकालिक विवरण पत्रों और विवरणियों को शुद्ध रूप में रखना तथा उन्हें ठीक समय पर प्रस्तुत करना;

कैश बुक पर हस्ताक्षर करना और जब कभी निदेशक बोर्ड का कोई सदस्य उससे शेष रोकड़ जांच हेतु प्रस्तुत करने को कहे तो उसे प्रस्तुत करना।

ञ– प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर आगामी एक माह की भीतर समाप्त होने वाले वर्ष का संतुलन पत्र तथा आय व्यय विवरण पत्र तैयार करना तथा अन्य ऐसे विवरण पत्र और प्रतिवेदन तैयार करना जो निदेशक बोर्ड अथवा इस संगम अनुच्छेद के अर्न्तगत वांछनीय हों ।

ट– जब तक संघ में किसी कोषाध्यक्ष की नियुक्ति नहीं की गई हो तब तक निदेशक बोर्ड के आदेशानुसार सहकारिता की समस्त अथवा उतनी सीमा तक जितनी की निदेशक बोर्ड द्वारा नियत की जाय, धनराशि को सुरक्षित अभिरक्षा में रखने का उत्तरदायित्व वहन करना ।

[18] (3) सचिव/कोषाध्यक्ष :–

1– निदेशक बोर्ड द्वारा नियत की गई सीमाओं के अन्दर प्रबन्ध निदेशक/मुख्य कार्यपालक अधिकारी के आदेशानुसार प्रासंगिक व्यय करना ।

2– सहकारिता की ओर से धनराशि प्राप्त रसीदों पर हस्ताक्षर करना ।

3– निदेशक बोर्ड की अनुमति से संस्था की ओर से समस्त पत्राचार करना ।

4– निदेशक बोर्ड की अनुमति से विभिन्न न्यायालयों में संस्था की ओर से वाद योजित करना व संस्था के विरूद्ध योजित वादों की पैरवी करना ।

5– निदेशक बोर्ड के अध्यक्ष अथवा कुल निदेशकों की संख्या के आधे से अधिक निदेशकों की अनुमति से निदेशक बोर्ड की बैठकों का एजेण्डा जारी करना।

6– संस्था के व्यवसाय एवं कार्यों की वृद्धि के लिये कार्य योजना तैयार कर निदेशक बोर्ड के समक्ष अनुमोदन हेतु रखना ।

7– निदेशक बोर्ड द्वारा अधिनियम व इन संगम अनुच्छेद के विपरीत कार्य करने की दशा में साधारण निकाय व माध्यस्तम अधिकरण को सूचित करना। किन्तु जहां, साधारण निकाय या माध्यस्त अधिकरण द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो रजिस्ट्रार को सूचित करना।

8– अधिनियम में विहित उपबन्धों के अधीन रहते हुये अन्य ऐसे अधिकारों का प्रयोग तथा कर्तव्यों का पालन करना जो संगम अनुच्छेद अथवा निदेशक बोर्ड द्वारा उसको प्रदत्त किये जायें ।

(10)

अध्यक्ष सचिव
उत्तराखण्ड गैर प्रकाष्ठ वन उत्पाद
तथा हर्बल व अरोमा पर्यटन विकास
स्वायत्त सहकारिता संघ देहरादून

यदि कोषाध्यक्ष नियुक्त हो जाय तो वह संघ द्वारा प्राप्त समस्त धनराशियों को अथवा उतनी सीमा तक जितनी की निदेशक बोर्ड द्वारा नियत की जाय अपने प्रभार में रखेगा और मुख्यकार्यपालक अधिकारी तथा निदेशक बोर्ड के आदेशानुसार उनका वितरण करेगा। वह इस तथ्य के प्रतीक स्वरूप कि कैश बुक सही भरी गई है उस पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ हस्ताक्षर करेगा और जब कभी निदेशक बोर्ड का कोई सदस्य व मुख्य कार्यपालक अधिकारी उससे शेष रोकड़ जांच हेतु प्रस्तुत करने को कहे तो उसे प्रस्तुत करेगा। वह अपनी व्यक्तिगत् अभिरक्षा में निदेशक बोर्ड द्वारा समय समय पर नियत की गई सीमा के अन्दर ही धनराशि रख सकता है।

[19] वित्त–

(क) निधियां

अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संघ निम्नानुसार निधियां जुटायेगी :–

1– कुल कार्यशील पूंजी का पचास प्रतिशत तक अपने सदस्यों से साम्यपूंजी के रूप में; एक साम्य अंश का मूल्य 1000.00 (एक हजार रूपये) होगा ।

2– कुल कार्यशील पूंजी का 25 प्रतिशत तक अपने सदस्यों से निक्षेप के रूप में;

3– कुल कार्यशील पूंजी का 25 प्रतिशत तक वित्तीय संस्थानों एवं बैंकों से ऋण के रूप में; प्रतिबन्ध यह है कि प्रत्येक सदस्य हेतु साम्यपूंजी की राशि का अनुपात सदैव बराबर बना रहेगा ; और प्रतिबन्ध यह भी है कि किसी सदस्य द्वारा सहकारिता में जमा किये गये निक्षेप पर ब्याज के अतिरिक्त अन्य कोई लाभांष देय न होगा ।

4– अन्य किसी स्रोत से अनुदान के रूप में ;

5– संघ अपना समस्त धन बैंक अथवा डाकघर में रखेगी अथवा सरकारी बचतपत्रों में निवेश करके सुरक्षित रखेगी ;

6– संघ अपना धन किसी सहकारी समिति, कम्पनी, फर्म, निगम में निक्षेप अथवा शेयर क्रय करने के लिये निवेश नहीं करेगी ;
परन्तु किसी ऐसी सहकारिता अथवा सहायक सहकारिता जिसके साथ सहकारिता सम्बद्ध हो या कारोबार करती हो में उतनी सीमा तक शेयर में निवेश कर सकती है जितना की ऐसी सहकारिता अथवा सहायक सहकारिता के संगम अनुच्छेदों में सदस्यता ग्रहण करने या कारोबार करने के लिये तय की गई हो ।

